सूचना और प्रसारण मंत्रालय

Azadi Ka Amrit Mahotsav

डीडी फ्रीडिश के एमपीईजी4 की चौथी वार्षिक ई-नीलामी के नतीजे घोषित

प्रविष्टि तिथि: 11 FEB 2022 6:42PM by PIB Delhi

भारत की एकमात्र मुफ्त डीटीएच सेवा डीडी फ्रीडिश के ग्राहकों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, 1 अप्रैल, 2022 से लेकर 31 मार्च, 2023 तक की अवधि के लिए डीडी फ्रीडिश के एमपीईजी-4 स्लॉट की चौथी वार्षिक/57वीं ई-नीलामी के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इस बार तुलनात्मक रूप से चैनलों की संख्या अधिक है।

विभिन्न तरह के विशिष्ट चैनलों की ओर से ई-नीलामी के लिए प्राप्त आवेदनों में से 12 चैनलों को डीडी फ्रीडिश पर एमपीईजी-4 स्लॉट आवंटित किए गए हैं। यहां चैनलों के नाम दिए गए हैं।

4th MPEG-4 e-Auction

Sr. No.	Name of successful channel
1	Aastha Bhajan
2	Bflix Movies
3	Chardikala Time TV
4	India News UP/UK
5	News 18 UP/UK
6	News 24 Think First
7	News India 24x7
8	News State UP/UK
9	Raftar
10	Samay
11	Sudarshan News
12	Swadesh News

डीडी फ्रीडिश की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा इन तथ्यों से लगाया जा सकता है कि चैनलों की अधिक संख्या के अलावा इस नीलामी के लिए प्रति स्लॉट उच्चतम बोली मूल्य और औसत राजस्व भी पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ गए हैं। 43 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए प्रति स्लॉट औसत बोली/राजस्व पिछले वर्ष के 0.89 करोड़ से बढ़कर इस वर्ष 1.27 करोड़ हो गया है। इसी तरह उच्चतम बोली मूल्य पिछले वर्ष के 1.12 करोड़ से 42.85 प्रतिशत बढ़कर इस वर्ष 1.6 करोड़ हो गया है।



सभी औपचारिकताएं पूरी हो जाने के बाद ये चैनल 1 अप्रैल 2022 से डीडी फ्रीडिश पर प्रसारित होने लगेंगे।

***

एमजी/एएम/आरआरएस /वाईबी

(रिलीज़ आईडी: 1797772) आगंतुक पटल : 58

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu